तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 27 जून 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण ...



10 वनमंत्री ने सड़क और पुल निर्माण परियोजनाओं ..



# वन विभाग की टीम ने 2.5 एकड़ भूमि को अतिक्रमण से करा लिया मुक्त

## बनियागांव में वन भूमि से अतिक्रमण हटाकर वार वेड वायर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बनियागांव में पीएफ 72 में अतिक्रमण को भानपुरी परिक्षेत्र स्टॉफ और उड़नदस्ता ने हटा दिया है। वहां से वारवेड वायर भी जब्त किया है।

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ, डीएफओ, एसडीओ के निर्देश में वन कर्मियों ने संरक्षित वन क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाए हैं। अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए गए लोगों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और वन अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के भानपुरी परिक्षेत्र के बनियागांव में वन विभाग की टीम ने अवैध कब्जा हटाने की बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। इस दौरान अवैध रूप से घेरा बनाने के लिए लगाए गए कंटीले तारोंको वन कर्मियों ने जब्त कर लिया है। गुरुवार को भानपुरी परिक्षेत्र अंतर्गत बनियागांव में पीएफ 72 में अतिक्रमण को भानपुरी परिक्षेत्र स्टॉफ और उड़नदस्ता स्टॉफ द्वारा हटाया गया। परिक्षेत्र अधिकारी भानपुरी लालसाय मरकाम, उड़नदस्ता प्रभारी देवेंद्र तारम, सहायक परिक्षेत्र बनियागांव गुदरूराम कश्यप, उड़नदस्ता के वन पाल प्रवीर सिंह, ममता कश्यप, वन रक्षक बनियागांव अरूण कुमार नाग, चौकीदार भरतराज पांडे, गगन नेताम, चंदन कश्यप, विरेन्द्र कश्यप के सहयोग से 2.5 एकड़ भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। साथ ही बनियागांव महारा निवासी आरोपी गोंडू के कब्जे से ▶▶|शेष पेज 10 पर

### अधिकारी व कर्मियों को दिए निर्देश

डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया वन सुरक्षा सभी के लिए आवश्यक है। वनों से क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ मिलता है। इस प्रकार के अपराध में लिप्त कार्यों पर विरुद्ध विधि सम्मत से कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए रेंजर एवं मैदानी अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है।



### रोकने के प्रयास आगे भी जारी

मुख्य वन संरक्षक सुश्री स्टायलो मंडावी ने वन सुरक्षा को लेकर कहा कि वनों की सुरक्षा के लिए विभाग सदैव तत्परता से कार्य कर रहा है। मैदानी अमले की मुस्तादी से इस प्रकार के अपराध को रोकने के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे, वन सुरक्षा के लिए आगे आकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## खबर संक्षेप

### महिला एवं बाल विकास मंत्री का आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का सर्किट हाऊस में कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

### पत्रकारिता पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में संचालित रोजगार मूलक एक वर्षीय पत्रकारिता पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। स्नातक या स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश लेकर करियर बना सकते हैं। न्यूजपेपर, मैगजीन, रेडियो, टेलीविजन, समाचार वेबसाइट, ब्लॉग, सोशल मीडिया, यूट्यूब, विज्ञापन, जनसंपर्क, डॉक्यूमेंट्री, कंटेंट क्रिएटर के क्षेत्र में करियर बनाने युवाओं के लिए यह कोर्स है। प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध है। आयु की बाध्यता नहीं है।

### महिला बाल विकास पर्यवेक्षक कल्याण संघ की अध्यक्ष बनीं ममता



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक कल्याण संघ की बैठक प्रांताध्यक्ष ऋतु परिहार की उपस्थिति में की गई। जहां सर्वसम्मति से ममता चंद्राकर को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके संघ के प्रति निष्ठा, समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है । संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी है ।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग जारी

**जगदलपुर।** तकनीकी शिक्षा विभाग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग 30 जून तक संचालित हो रही है। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में स्थापित अभ्यर्थी सुविधा केंद्र में छात्राएं एवं पालक प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। संस्था में संचालित चार त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में इच्छुक अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया, ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं सीट चयन संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। बस्तर जिले एवं संभाग की छात्राओं को संभाग में स्थित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु विशेष अवसर प्रदान करते हुए प्रवेश परीक्षा में छुट प्रदान की गई है। जिसके आधार पर बस्तर अंचल के छात्र-छात्राएं सीधे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

### 11 हजार क्विंटल धान को लेकर सस्पेंस बरकरार

# राजधानी से निरस्त हुआ डिलीवरी आर्डर 15 माह में सूख गया करोड़ों का धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सुकमा



हरिभूमि फॉलोअप

- जिम्मेदार बच रहे हैं अपनी जिम्मेदारी से

जिले के धान संग्रहण केंद्र में रखे धान के खराब होने का मामला गंभीर होता जा रहा है। करीब 15 माह से खुले में प ड़े धान के कारण करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्ति बर्बाद हो गई। वहीं अब करीब 11 हजार क्विंटल धान को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, धान उठाव के लिए राजधानी से जारी किया गया डिलीवरी आर्डर याने डीओ बाद में निरस्त कर दिया गया। इसके बाद धान लंबे समय तक संग्रहण केंद्र में ही पड़ा रहा। समय पर उठाव नहीं होने, उचित रखरखाव के अभाव और प्रशासनिक लापरवाही के कारण धान की गुणवत्ता लगातार गिरती गई और अब बड़ी मात्रा में धान खराब हो चुका है। सुकमा नयापारा स्थित धान संग्रहण केन्द्र इन दिनों पुनः सुर्खियों में है। मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि 11 हजार क्विंटल धान आखिर किस स्थिति में है। इसका ▶▶|शेष पेज 10 पर

### मंत्रालय वाले बताएंगे: डीएमओ

इस पूरे प्रकरण पर जब जिला विपणन अधिकारी से सवाल किए गए तो उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि इस संबंध में मंत्रालय से पूछताछ करें। अधिकारी का यह बयान न केवल गैर-जिम्मेदाराना माना जा रहा है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करता है कि जब जिले में धान संग्रहण और उठाव की जिम्मेदारी विभाग की है, तो जवाबदेही आखिर किसकी है।

### 153 डीओ हुए निरस्त नहीं तो उठ जाता धान

जानकारों का कहना है कि यदि समय पर धान का उठाव किया जाता तो करोड़ों रुपये के नुकसान से बचा जा सकता था। सूत्रों ने बताया कि पूरा खेल राजधानी में बैठे संबंधित विभाग के अधिकारियों ने किया है। 30000 क्विंटल धान का 153 डीओ रायपुर जिले के राइस मिलरों के नाम से काट कर अंतिम समय में निरस्त कर दिया गया। अब खराब हुए धान की जिम्मेदारी तय करने के बजाय अधिकारी जवाब देने से बच रहे हैं। बताया जाता है कि जितने डीओ निरस्त किए गए वो मार्च अप्रैल में काटे गए थे। और अंतिम उठाव जनवरी 2023 में ओम राइस मिल ने किया था।

### अन्न का अपमान, दोषी कौन

इस मामले में अब यह मांग तेज हो रही है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। डिलीवरी ऑर्डर निरस्त होने के कारणों का खुलासा किया जाए तथा धान खराब होने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही 11 हजार क्विंटल धान की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक कर शासन को भी जवाबदेह बनाया जाए।

### प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि धान संग्रहण केंद्र में पर्याप्त गोदाम और सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। समय रहते धान का उठाव और भंडारण नहीं किया गया जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन से जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और बचे हुए धान को सुरक्षित स्थान पर रखने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी किसानों के हित में आंदोलन से पीछे नहीं हटेगी।

# अवैध दवा: दो मेडिकल स्टोर व एक क्लिनिक किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ग्राम मूली में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत मुली में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध दवा कारोबार के खि ला फ कार्रवाई करते दो मेडिकल स्टोर्स और एक क्लीनिक को सील कर दिया है। यह कार्रवाई बीएमओ डॉ. हरीश मरकाम के नेतृत्व में ड्रग इंस्पेक्टर, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को की।

जांच के दौरान सामने आया कि संबंधित प्रतिष्ठान में बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के मरीजों का इलाज किया जा रहा था। वहीं मेडिकल स्टोर के लाइसेंस की आड़ में क्लीनिक संचालन के साथ-साथ दवाओं का खुदरा और थोक कारोबार भी किया जा रहा था, जो नियमों का ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जला हुआ मेडिकल वेस्ट मिला

कार्रवाई के दौरान टीम को परिसर के बाहर जला हुआ मेडिकल वेस्ट, इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन, दवा पैकिंग और बायो मेडिकल वेस्ट के अवशेष भी मिले। अधिकारियों ने इसे गंभीर स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय खतरा बताते हुए मामले को जांच में शामिल किया है।

### जांच उपरांत होगी कड़ी कार्रवाई

बीएमओ ने संकेत दिए हैं कि दस्तावेजों और दवा रिकॉर्ड की विस्तृत जांच के बाद मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं। अनियमितताएं प्रमाणित होने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# निगम कार्यालय के सामने वार्डवासी पानी के लिए तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर के गांधीनगर वार्ड में तीन दिनों से पानी सप्लाई बंद है। जिससे वार्डवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। वार्डवासियों में भारी आक्रोश है। इसकी सूचना पार्षद मनप्रीत कौर को वार्ड वासियों ने दी है। पार्षद ने आश्वासन दिया कि निगम आयुक्त को सूचना दे दिया गया है इस संबंध में जल्द ही कोई रास्ता निकाला जाएगा। परंतु तीन दिन के बाद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है।

पार्षद का कहना है कि वार्ड के तीन नल के वाल लीकेज हैं। आयुक्त को इस संबंध में कई बार सूचना दिया गया परंतु कार्य में कोई प्रगति नहीं आया। फिलहाल टैंकर के द्वारा पानी दिया जा रहा है। यह वार्ड नगर निगम कार्यालय के सामने ही पड़ता है। इस संबंध में वार्ड वासियों को सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है । गर्मी के दिनों से ही वार्डवासियों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। आए दिन किसी ना किसी कारणों से वार्ड में पानी सप्लाई बंद हो जाता है। वार्ड निवासियों ने बताया कि पम्प किसी टाइम खोल दिया जाता है और बंद कर दिया जाता है। जिसमें कोई समय सीमा तय नहीं है। नगर निगम भगवान भरोसे चल रहा है। पाइप लाइन कई जगह-जगह फटे टूटे हुए हैं। जिससे नाली का पानी पाइप के द्वारा जा रहा है। जिससे वार्ड वासियों को गंदा पानी पीना पड़ रहा है। बीमारियों को न्योता दिया जा रहा है।

# अबूझमाड़ व हसदेव पर कांग्रेस का दोहरापन उजागर : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस के आरोप को बताया बेबुनियाद



भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने अबूझमाड़ क्षेत्र में कथित पेड़ कटाई और हसदेव को लेकर कांग्रेस के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने वर्षों तक छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों का राजनीतिक और आर्थिक शोषण किया, वही आज पर्यावरण संरक्षण का ढोंग कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सबसे पहले अपने शासनकाल का हिसाब देना चाहिए। हसदेव क्षेत्र में खनन संबंधी प्रक्रियाएं, वन क्षेत्रों में लिए गए निर्णय और आदिवासियों की उपेक्षा किसके शासन में हुई, यह प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने न तो जंगलों की चिंता की और न ही वनवासियों के हितों की रक्षा की। आज विपक्ष में बैठकर झूठ और भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ जैसे संवेदनशील क्षेत्र को लेकर कांग्रेस केवल राजनीति कर रही है। वर्तमान सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर कार्य कर रही है।

# लाइनमेन को नहीं मिल रहा फ्यूज, कटआउट और डीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बार-बार बिजली बंद होने से उपभोक्ता परेशान



बस्तर संभागीय मुख्यालय शहर में विद्युत कंपनी के विद्युत लाईनमेनों को फ्यूज, डीओ, कटआउट, वीसी केबल, 11 एवं 33 केव्ही पिन इन्सुलेटर, डिस्क, इन्सुलेटर, 11 एवं 33 केव्ही मेल फिमेल कांटेक्ट, 100, 200, 300 एम्पीयर, बैटरी चार्जर, डीटी केबल, एबी केबल आदि सामग्री जैसे कई आवश्यक उपकरण नहीं मिल रहे हैं। इसके चलते विद्युत लाईनमेनों को बंद बिजली को बहाल करने में जुगाड़ करना पड़ रहा है, जुगाड़ से बहाल हुई बिजली बार-बार बंद हो रही है, जिससे उपभोक्ता परेशान है। ट्रांसफार्मर में डीओ पर पत्थर लगा रहे हैं और कटआउट को डायरेक्ट लगाया जा रहा है। लाइनमेन द्वारा लगातार शिकायत के बावजूद भी समस्याओं के समाधान की कोई पहल नहीं हुई है। वहीं दूसरी ओर बिजली बंद होने से उपभोक्ता नाराजगी दिखाते हैं। लाइनमेन रिक्त पद होने के चलते एक बार में कई जगह बिजली बंद होने से हर जगह उसी ▶▶|शेष पेज 10 पर

### मांग करने पर दे रहे उपकरण

विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता एनआर भगत ने इस संबंध में बताया कि मैदानी कर्मचारी सही समय में फ्यूज आदि जैसे उपकरण की मांग करने पर दिया जा रहा है।

### आर्ट ऑफ लिविंग की अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षिका प्रमिला दीदी ने किया कार्यक्रम का संचालन

# सेंट्रल जेल में महिला बंदियों को मौन साधना शिविर से मिली आत्मशांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



केन्द्रीय जेल में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा महिला बैरक में चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में लगभग 60 महिला बंदियों ने भाग लेकर गहन ध्यान, मौन, साधना, सेवा एवं सत्संग के माध्यम से आत्मिक शांति, मानसिक स्थिरता और आंतरिक आनंद का अनुभव किया।

सेंट्रल जेल की महिला बैरक में आयोजित चार दिवसीय मौन साधना शिविर में महिला बंदियों ने आत्मशांति, सकारात्मकता और नई जीवन-दृष्टि का अनुभव किया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षिका प्रमिला दीदी ने किया जो विशेष रूप से ओडिशा भुवनेश्वर से जगदलपुर पहुंची थीं। चार दिनों तक चले इस मौन साधना शिविर में प्रतिभागियों ने गहरे मौन का पालन करते हुए ध्यान की विभिन्न प्रक्रियाओं में भाग लिया तथा स्वयं से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्राप्त किया।

शिविर के दौरान अनेक महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि साधना और ध्यान के माध्यम से उन्हें लंबे समय बाद मन की गहरी शांति और भीतर एक अद्भुत ठहराव का अनुभव हुआ। कई प्रतिभागियों ने कहा कि वे अपने अपराधबोध, मानसिक ▶▶|शेष पेज 10 पर

### सोच और आंतरिक शांति का संचार

साधना शिविर ने प्रतिभागियों के भीतर आत्मविश्वास, आशा, सकारात्मक सोच और आंतरिक शांति का संचार किया जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक संतुलित और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकेंगी। मौन साधना शिविर महिला बंदियों में मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण और सार्थक प्रयास रहा।

**अक्षय तिवारी**
जेल अधीक्षक, सेण्ट्रल जेल।

### प्रत्येक व्यक्ति के भीतर असीम संभावनाओं का स्रोत विद्यमान

महिला बंदियों को सबोंधित करते हुए प्रमिला दीदी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर प्रेम, करुणा, शांति और असीम संभावनाओं का स्रोत विद्यमान है। ध्यान और साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने मन को शुद्ध कर जीवन में संतुलन, प्रसन्नता और आत्मविश्वास स्थापित कर सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को नियमित साधना और मानवीय मूल्यों को अपनाकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ स्वयं सेविकाएं एवं सहायक शिक्षिका नीलिमा नेहरू मग्गू, लता राव, कविता विष्णु एवं डॉ शालिनी गुप्ता उपस्थित रहीं। उनकी सक्रिय सहभागिता एवं समर्पण से यह शिविर अत्यंत सुव्यवस्थित, प्रभावशाली और प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने आर्ट ऑफ लिविंग एवं समस्त शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### बीईओ ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण



**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के दिशा निर्देश अनुसार स्कूलों की सतत मॉनिटर विकासखंड तोकापाल में की जा रही है। इसी परिपेक्ष में खंड शिक्षा अधिकारी अजय शर्मा ने स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। संस्था प्रमुख एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं को गणवेश पाठ पुस्तक की वितरण शाला की साफ-सफाई जहां नहीं हो पाई है, तत्काल करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्कूल भवन को आकर्षक बनाने, जिन बच्चों का आधार और अपार जनरेट नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी बच्चों का एमडीयू अपडेट दो दिवस पूर्ण करने, नवीन प्रवेशी स्टूडेंट जिनका जाति प्रमाण पत्र बन गया है तो उसकी कॉपी लेने तथा जिनका नहीं बना है तो सारे डॉक्यूमेंट जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु रेडी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही 10 बजे 10 मिनट 10 हफ्ते कार्यक्रम की जानकारी दी गई। पाठ्यक्रम का विभाजन कर अध्यापन करे, वीकली टेस्ट, मंथली टेस्ट दिए गए दिशा निर्देश अनुसार कराएं। इसके साथ बरसात का मौसम होने के कारण शाला भवन की छत की सफाई, शाला प्रांगण साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था करें, मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन करते हुए मध्यान भोजन कक्ष स्वच्छ रहे इसका विशेष ख्याल रखें।

### बच्चों के श्लोक पाठ ने मोहा मन



**जगदलपुर।** सर्व सेन समाज भवन कुम्हारपारा में प्रांत संगठन मंत्री हेमंत कुमार साहू द्वारा भारती संस्कृत गोष्ठी श्लोक उच्चारण तथा व्याख्यान कार्यक्रम किया गया। जिसमें समाज के श्रोता प्रवक्ता परिवार सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने गीता पाठ, मंत्र, श्लोक उच्चारण कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य आयोजक महेंद्र श्रीवास ने सामाजिक स्तर पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया है। नगर के मोहल्ले में सप्ताह में एक दिन संस्कृत भाषा वेद श्लोक मंत्र से प्रत्येक परिवार को जोड़ने तथा खास कर बच्चों को वेद मंत्र की बारीकियों से अवगत कर उपयोग की सीख देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शंकर श्रीवास, राम प्रसाद नाग, नीरज चौहान, माहेश्वरी पटेल, सावित्री श्रीवास, उमा शांडिल्य, गीताक्षी श्रीवास, पुजल श्रीवास, देवांश श्रीवास, वेदांत श्रीवास, ओजस श्रीवास, गुरुराज श्रीवास, अखिलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कर्मा विवि के 25 छात्र जाएंगे आईआईटी मद्रास, सीखेंगे सेमीकंडक्टर तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास द्वारा संचालित सेमीकंडक्टर स्किलिंग प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने बुधवार को शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में योग्यता परीक्षा आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की उन्नत सेमीकंडक्टर तकनीक में पारंगत करने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस परीक्षा को लेकर संभाग के विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया। चयन परीक्षा में विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं के विद्यार्थी एवं 26 सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत 236 छात्र छात्राएं शामिल हुए। इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर अगले माह आईआईटी मद्रास में विशेष प्रशिक्षण के लिए कुल 25 छात्र-छात्राओं का मेरिट एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी के संस्तुति के आधार पर चयन किया जाएगा। तकनीकी क्षेत्र में छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन 25 सीटों में से 8 सीटें छात्राओं के लिए निर्धारित की जावेगी। छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ स्टेट उद्योग डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा नया रायपुर तथा राजनादगांव में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह इंडस्ट्री 1145 करोड़ की लागत से स्थापित की जा रही है तथा इस वर्ष 2026 के अंत तक मैन्युफैक्चरिंग प्रारंभ कर दी जाएगी। गलीनियम नाइट्रेट सेमीकंडक्टर प्लांट जिसके अंतर्गत 5जी 6जी टेक्नोलॉजी की सेमी कंडक्टर चिप तैयार की जावेगी। आईआईटी मद्रास भेजे जा रहे ये छात्र इस इंडस्ट्री में पहले ऐसे प्रशिक्षित तकनीकी सपोर्ट होंगे जो कि छत्तीसगढ़ राज्य स्तर पर प्रशिक्षित होंगे। आईआईटी मद्रास जैसे देश के शीर्ष संस्थान के साथ जुड़कर आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त करना विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। यह सेमीकंडक्टर स्किलिंग प्रोग्राम न केवल विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल का विकास करेगा, बल्कि प्रदेश एवं देश स्तर पर सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप उन्हें तैयार भी करेगा। विश्वविद्यालय द्वारा बस्तर संभाग के 7 जिलों में उक्त सामान्य ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

## ट्रेनिंग के लिए बस्तर के छात्रों में उत्साह, 236 ने दी परीक्षा



### बस्तर के युवाओं को मिले सेमीकंडक्टर में नौकरी

विश्वविद्यालय के कुलपति ने मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया है कि बस्तर के आईआईटी मद्रास में प्रशिक्षित युवाओं को छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में नौकरी प्रदान की जाए। यदि कुलपति का यह निवेदन स्वीकार किया जाता है तो बस्तर के विकास के लिए तथा जनजातियों अंचल के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

## शाला प्रवेश उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का हुआ सम्मान

# भरतनाट्यम और रिकॉर्डिंग डांस ने जीता लोगों का दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम/ मद्देड़

राजेंद्र पामभोई स्टेडियम में गुरुवार को खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति जागरूकता, नवप्रवेशी बच्चों के

- नवप्रवेशी बच्चों का हुआ तिलक लगाकर स्वागत

स्वागत तथा कर शिक्षा के महत्व का संदेश दिया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि तनुजा कुमर ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। देपला विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं तारलागुड़ा के बच्चों ने रिकॉर्डिंग डांस के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संगमपल्ली पोटा केबिन के विद्यार्थियों के गीतों को जनसमुदाय ने सराहा।

इस दौरान कलेक्टर विश्वजीत, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे तथा पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव पहुंचे, जिनका स्वागत हुआ। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने स्वागत किया। बच्चों को पुस्तकें, स्कूल बैग एवं मिठाइयां वितरित की गई।



### शिक्षा ही सफलता की कुंजी

पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने और अनुशासन के साथ शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे बड़ा आधार है बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। वहीं कलेक्टर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन के साथ-साथ किसी भी समस्या को अपने शिक्षकों के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी विजय कोरम ने प्रस्तुत की।

### विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों का सम्मान

पूरे विकासखंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, मेधावी विद्यार्थियों तथा शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पालकों को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नर्सिंग रेड्डी, साई चेट्टी, उगेंद्र वासाम, फारूक खान, सुरेश यालम, मुरली चेट्टी, नगर पंचायत अध्यक्ष रिक्की कोरम, उपाध्यक्ष रवि बोरे, विजार खान, अनकारी सुधाकर, खंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी शंकर यालम, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी डी. वेंकटेश्वर, एटला सीनु, कमल सिंह कोर्राम, चिंतुर संजय, प्राचार्य राजेश नक्का, बी.आर. झाड़ी, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, जनपद पंचायत सीईओ आदित्य कुंजाम, जिला शिक्षा अधिकारी पांडे, थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सशक्त बूथ से निकलता है जीत का रास्ता : मद्दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ रही है। जिला कार्यालय में शुक्रवार को बस्तर विधानसभा स्तरीय बैठक में एक-एक बूथ को सशक्त बनाने, बूथ कमेटी और प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय करने की रणनीति पर चर्चा की गयी। और जमीनी स्तर पर जनता से जुड़ाव बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में चारों मण्डल बकावण्ड, सरगीपाल, करपावण्ड व बस्तर के प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री एवं शक्ति केन्द्र के प्रभारियों को बुलाया गया था।

- बस्तर विधानसभा स्तरीय बैठक में मजबूत बूथ पर फोकस और चर्चा

नवनियुक्त प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी, सहप्रभारी श्रीनिवास मिश्रा व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने संबोधन दिया और जीत का लक्ष्य साधकर सर्वप्रथम बूथ को मजबूत बनाने कहा। कार्यकतार्ओं से सतत संपर्क और संवाद स्थापित करने सहित विविध बिन्दुओं पर चर्चा कर मार्गदर्शन दिया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप, जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही, परीस राम बेसरा, रोहित त्रिवेदी, खीतेश मौर्य, तरूण पाण्डेय, पुरूषोत्तम जोशी, सुखदेव मण्डावी, पीताम्बर कश्यप, विषम ठाकुर, रणवीर सिंह ठाकुर, अनिल बिसाई, दामोदर बघेल, हेमराज कश्यप, चमरूराम यादव सहित अन्य मौजूद रहे।





### नव प्रवेशी विद्यार्थियों, पालकों व सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मान

**जगदलपुर।** संकुल प्राचार्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव संकुल केन्द्र छिन्दावाड़ा और रामपाल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दावाड़ा में डॉ. गंगाराम कश्यप प्राचार्य के अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन विकास समितियों और पालकों की सक्रिय भागीदारी के साथ गुरुवार को आयोजित किया गया। नए शिक्षा सत्र में प्रवेश लेनेवाले विद्यार्थियों को विशेष कर कक्षा पहली, 6 वीं, कक्षा 9 वीं, कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा करके और पुस्तकें, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को गणवेश देकर स्वागत किया गया। साथ ही गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक दयाराम ध्रुव, सोमारू कौशिक और सुखराम कश्यप को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के माता पिता पालकों को प्रतिक चिन्ह और माला पहनाकर सम्मानित कर उन्हें शाला सहभागिता में जोड़ा गया। मुख्य अतिथि सीताराम मौर्य सरपंच कावारास, विशेष अतिथि श्रीमती गीता नाग सरपंच छिन्दावाड़ा, अंनत राम कश्यप भूतपूर्व जनपद उपाध्यक्ष, महेश बघेल उप सरपंच छिन्दावाड़ा, मांगेन कर्मा करका उप सरपंच, दयाराम ध्रुव सेवानिवृत्त प्राचार्य, सुखराम कश्यप सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ और बच्चे शामिल रहे।

# दीपलता अध्यक्ष, रिंकू सचिव व संध्या कोषाध्यक्ष बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक कल्याण संघ जिला बस्तर का निर्वाचन शुक्रवार को स्थानीय कर्मचारी भवन में निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र श्रीवास्तव अध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला बस्तर एवं मोतीलाल वर्मा अध्यक्ष वाहन चालक संघ जिला बस्तर के द्वारा प्रजातांत्रिक रूप से संपन्न कराया गया। महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक कल्याण संघ जिला अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी नीता पांडे, दीपलता उइके का नाम प्रस्तावित हुआ। उसके पश्चात नीता पांडे ने दीपलता उइके के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया। इस प्रकार केवल एक प्रत्याशी शेष रहने के फलस्वरूप निर्वाचन अधिकारी ने दीपलता को अध्यक्ष, सचिव पद के लिए रिंकू पांडे तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए संध्या सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया में महिला पर्यवेक्षक नीता पांडे, निहारिका गौतम, शेफाली राव, राजेश्वरी यदु, बीना साहू, रश्मि साहू, ज्योत्सना ठाकुर, प्रिय कश्यप, प्रतिभा दास, विनीता बघेल, चंपा बघेल, सुमन शर्मा, दीप्ति कश्यप, बुधियारी भारती, सावित्री बघेल, निशा पांडे, रेखा नाग, दिव्या शर्मा, अनीता देशमुख, बुधरी नाग, सनमति महंत, जंबू सेठिया, विद्या ठाकुर, अनिता सिंह, पार्वती शर्मा, निशिका गुप्ता, सकून देश लहरे, सावित्री बघेल, रंजीता और अनेक महिला पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

- महिला बाल विकास पर्यवेक्षक संघ की नई टीम घोषित



# छात्रावासों में अव्यवस्था पर भृत्य व अधीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवश्यक सुविधाओं की जिम्मेदारी प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने कारवाई के दौरान कही

- कलेक्टर के किया निरीक्षण प्रभार भी बदले

जिले में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत से पहले छात्रावासों एवं आश्रमों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त द्वारा जिले के विभिन्न छात्रावासों और आश्रमों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों में साफ-सफाई की खराब स्थिति, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति, विद्यार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाओं में कमी तथा संचालन में गंभीर लापरवाही सामने आई। इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की।

कलेक्टर ने कन्या आश्रम दुब्बाटोटा की अधीक्षिका सुशीला कवासी, प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास दुब्बाटोटा के अधीक्षक पुनेम हिरमा, पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास की अधीक्षिका सविता यादव तथा प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास के अधीक्षक भोजराज ठाकुर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निलंबन एवं प्रभार से पृथक करने की कार्रवाई की। साथ ही संबंधित छात्रावासों का संचालन प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक अधिकारियों को तत्काल प्रभार सौंप दिया गया।



### बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि छात्रावास और आश्रम केवल आवासीय संस्थान नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य निर्माण के केंद्र हैं। यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवश्यक सुविधाओं की जिम्मेदारी प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने दो टूक कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

क्रियान्वयन व जनजागरूकता पर हुई कार्यशाला, शामिल हुए 150 प्रतिनिधि

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर कड़ाई से रोक की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर के तत्वाधान में अपशिष्ट प्लास्टिक नियम 2016 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के लिए एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला बुधवार को स्व. बलीराम कश्यप मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज, एसोसियेटेड शहीद महेन्द्र कर्मा मेमोरियल हॉस्पिटल डिमरापाल के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के विभिन्न औद्योगिक संस्थान, नगरीय निकाय, ग्रामीण निकाय (ग्राम पंचायत), नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (बस्तर संभाग) एवं अन्य शासकीय विभागों के लगभग 150 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण मंडल जगदलपुर के वैज्ञानिक घनश्याम सिंह द्वारा उपस्थित जनों को सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित होने, उनके उपयोग को कड़ाई से बन्द करवाने तथा अन्य प्लास्टिक सामाग्री के न्यूनतम उपयोग, पुर्नचक्रण, पुनः उपयोग एवं वैज्ञानिक विधि से निपटान हेतु अपशिष्टों को रिसायक्लिंग हेतु पंजीकृत रिसायक्लर्स को जानकारी दी। प्लास्टिक वेस्ट के रिसायक्लिंग हेतु सृष्टि वेस्ट मेनेजमेंट सर्विसेस प्रा.लि. ग्राम बुरून्दवाड़ा सेमरा जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन रसायनज्ञ नन्दकुमार पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में क्षेत्रीय कार्यालय के रसायनज्ञ भूपेश मरकाम, खोमेन्द्र कुमार, गफूर शरीफ, विनोद निषाद एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।



## जिला स्तरीय शालेय खेल कैलेण्डर के लिए अनुदेशकों की बैठक

# खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार : केमरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला स्तरीय शालेय खेलकूद कैलेंडर के अनुमोदन तथा आगामी खेल गतिविधियों की रूपरेखा निर्धारित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त व्यायाम अनुदेशकों की एक महत्वपूर्ण बैठक जगतु महारा हायर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा खेल गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

- विद्यालय स्तर पर नियमित रूप से खेल संचालित कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान पर जोर

विद्यालय के प्राचार्य बीएस रामकुमार एवं जिला खेल अधिकारी डी केमरो ने शालेय खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है जिससे उनका व्यक्तित्व निखरता है।

बैठक में वर्ष 2026-27 के दौरान आयोजित होने वाली जिला स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं के कैलेंडर पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न खेल विधाओं के आयोजन, संभावित तिथियों, आयु वर्गों, आयोजन स्थलों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई कि जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को खेल प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हो सके।

जिला खेल अधिकारी डी केमरो ने कहा कि बस्तर जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की है। उन्होंने सभी व्यायाम अनुदेशकों से खेल गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर नियमित रूप से संचालित करने तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन, खिलाड़ियों के चयन, प्रशिक्षण, खेल सामग्री की उपलब्धता एवं प्रतियोगिताओं के बेहतर प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से वेद प्रकाश सोनी, प्रदीप राव, सुनील पिल्लई, अतुल शुक्ला, जोगेंद्र ठाकुर, डोरीस सुना, मधूसुदन वर्मा, श्रवण कुमार साहू, नीरज पांडे तथा कोटेश्वर राव नायडू सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के व्यायाम अनुदेशक उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय स्तर पर चमकेंगे बस्तर के खिलाड़ी

बैठक में मौजूद व्यायाम अनुदेशकों ने खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के हित में समन्वित प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक का समापन इस विश्वास के साथ किया गया कि सुव्यवस्थित खेल कैलेंडर एवं सामूहिक प्रयासों के माध्यम से बस्तर जिले में शालेय खेल गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी तथा जिले के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।